# बिहार सरकार
# समाहरणालय, सीवान
## महिला एवं बाल विकास निगम, सीवान।
(नोडल कार्यालय–जिला प्रोग्राम कार्यालय)

**विज्ञापन संख्याः–02 / 2026**

महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार पटना का पत्रांक WCDC/2088/23, दिनांक 26.09.2023, एवं पत्रांक–WCDC/2228/23, दिनांक 19.10.2023, विभागीय मार्गदर्शिका तथा अन्य संगत दिशा निर्देश के आलोक में वन स्टॉप सेंटर, सीवान के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से ई–मेल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया जाता है जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | पद की संख्या | कोटि | मानदेय | अहर्त्ता |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | केन्द्र प्रशासक (महिला हेतु आरक्षित) | 01 | अनारक्षित | 30,000 / – | शैक्षणिक योग्यताः– कानून / समाज कार्य / समाजशास्त्र / सामाजिक विज्ञान / मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर। अनुभवः–महिलाओं के मुद्दो से संबंधित किसी सरकारी या गैर सरकारी परियोजना / कार्यक्रम में कार्य करने का कम से कम 5 वर्ष का अनुभव। |
| 02 | पारा लीगल पर्सन / अधिवक्ता (अंशकालिक) | 01 | अनारक्षित | 8,000 / – समेकित (EPF तथा ESIC देय नही) | शैक्षणिक योग्यताः– कानून में स्नातक। अनुभवः–महिलाओं से संबंधित किसी सरकारी या गैर सरकारी परियोजना / कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 03 (तीन) वर्ष का अनुभव या न्यायालय में मुकदमें के पैरवी करने का दो वर्ष का अनुभव। |
| 03 | पारा मेडिकल पर्सन (अंशकालिक, महिला हेतु आरक्षित) | 01 | अनारक्षित | 8,000 / – स्मेकित (EPF तथा ESIC देय नही) | शैक्षणिक योग्यताः– पैरामेडिक्स में प्रोफेशनल डिग्री / डिप्लोमा। अनुभवः–सरकारी या गैर सराकरी क्षेत्र में स्वास्थ्य से संबंधित परियोजना / कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 03 (तीन) वर्ष का अनुभव। |

**शर्तें / अहर्त्ताः–**

01. अभ्यर्थी भारत के नागरिक होंगे।
02. उम्र सीमाः– न्यूनतम आयु विज्ञापन प्रकाशन को तिथि को 18 वर्ष एवं अधिकतम उम्र विज्ञापन प्रकाशन के तिथि को 42 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।
03. कर्मियों को नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त EPF एवं ESIC देय होगी, समेकित मानदेय वाले पदों पर EPF एवं ESIC देय नहीं होगी।
04. संविदा के आधार पर यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी, जो बिना पूर्व सूचना के या एक माह के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस सम्बन्ध में नियमित नियुक्ति का कोई दावा मान्य नहीं होगा। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात् सेवा में नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जाएंगे न

Scanned with OKEN Scanner

सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होंगे। उनका नियोजन वन स्टॉप सेंटर, सीवान के अधीन होगा।

05. नियोजन हेतु उम्मीदवार की वांछित शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव एवं अंतर्वीक्षा के आधार पर अंतिम मेधा सूची प्रकाशित होगी।

06. सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्य करने का कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

07. सरकारी/अर्द्ध सरकारी अथवा गैर सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।

08. अनुभव की अवधि की गणना एवं उम्र की गणना प्रयोजन के लिए संदर्भ विज्ञापन की प्रकाशन तिथि मान्य होगी।

09. मेधा अंक समान होने पर जन्म तिथि के आधार पर अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता के आधार पर चयनित किया जायेगा।

10. समान मेधा अंक एवं समान जन्म तिथि भी एक समान होने की स्थिति में लॉटरी व्यवस्था से निर्णय लिया जायेगा।

11. महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक संख्या WCDC/2228/23 दिनांक 19.10.2023 के आलोक में प्रत्येक पद के लिए शैक्षणिक योग्यता हेतु अधिकतम 60 अंक, प्रासांगिक कार्य अनुभव से अधिक प्रत्येक अतिरिक्त कार्य अनुभव वर्ष के लिए 5 अंक, जो अधिकतम 15 अंक होगी तथा 25 अंक साक्षात्कार हेतु निर्धारित करते हुए अंतिम मेधा सूची का निर्माण किया जायेगा।

12. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन करने हेतु विहित प्रपत्र सीवान जिले के NIC वेबसाइट siwan.nic.in पर Notice Section (Recruitment) में जाकर विहित प्रपत्र डाउनलोड कर अपना आवेदन कर सकते हैं।

13. इच्छुक अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों तक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में भर कर (शैक्षणिक योग्यता, अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र/अंक पत्र की स्व–अभिप्रमाणित छाया प्रति एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज के साथ) ई मेल–oscvacancy@gmail.com पर मेल के माध्यम से उपलब्ध कराएंगे। त्रुटि/गलत आवेदन को प्रथम दृष्टया निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे तथा अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन स्वीकार्य नहीं किए जायेंगे।

14. भरे हुए आवेदन का प्रिंटआउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे। कार्यालय द्वारा आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

15. विज्ञापन एवं सेवा शर्तों से संबंधित सभी अधिकार जिला पदाधिकारी, सीवान के अधीन है। जिला पदाधिकारी, सीवान द्वारा विज्ञापन में संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते है।

16. अभ्यर्थी विज्ञापन से संबंधित अपडेट एवं अन्य घोषणाओं हेतु नियमित रूप से जिला के NIC वेबसाइट का अवलोकन करते रहेंगे।

जिला पदाधिकारी
सीवान

Scanned with OKEN Scanner

अनुलग्नक- 4

# आवेदन- प्रपत्र

विज्ञापन संख्या- ........................

स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो

1. आवेदित पद का नाम: ..............................................
2. अभ्यर्थी का नाम: ..............................................
3. जन्म तिथि : ..............................................
4. माता का नाम: ..............................................
5. पिता/ पति का नाम ..............................................
6. आधार कार्ड नंबर ..............................................
7. स्थायी आवास का पूरा पता (जिला के नाम के साथ): ..............................................

..............................................

8. पत्राचार का पता: ..............................................

..............................................

9. श्रेणी: सामान्य ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ अति पिछड़ा वर्ग ☐

अनुसूचित जाति ☐ अनुसूचित जनजाति ☐ अन्य ☐

10. मोबाइल नंबर: ..............................................
11. ई- मेल आईडी: ..............................................
12. शैक्षणिक विवरणी: -

| क्र०स० | शिक्षा | विषय | उत्तीर्णता का वर्ष | प्राप्तांक | प्रतिशत | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैट्रिक | | | | | |
| 2 | इंटर | | | | | |
| 3 | स्नातक (प्रतिष्ठा का विषय) | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | |
| 5 | पीएचडी / अन्य | | | | | |
| 6 | कंप्यूटर योग्यता | | | | | |
| 7 | व्यवसायिक प्रशिक्षण | | | | | |
| 8 | अन्य | | | | | |

13. कार्य अनुभव :-

| क्र०स० | संस्थान का नाम | पदनाम | कार्य अवधि वर्ष / माह / दिन | कार्य विवरणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

14. संलग्न किये गये कागजातों की सूची:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | |
| 3 | | 4 | |
| 5 | | 6 | |
| 7 | | 8 | |
| 9 | | 10 | |

घोषणा:- उपरोक्त सभी सूचनायें मेरे जानकारी के आधार पर सत्य है। यदि भविष्य में कभी कोई प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो इसके लिए मैं स्वंय जिम्मेवार रहूँगी एवं मेरे विरुद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जा सकती है।

दिनांक

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर